संख्या- 2 /2019/बी-1- 212 /दस-2019-146/2004

प्रेषक,

आलोक दीक्षित,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन ।

सेवा में,

निदेशक,
कोषागार, उत्तर प्रदेश,
जवाहर भवन, लखनऊ।

वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 लखनऊ दिनांक 31 मार्च 2019

विषय- वित्तीय वर्ष 2019-2020 में माह मार्च, 2019 के वेतन का भुगतान ।

महोदय,

वित्तीय वर्ष 2019-2020 के बजट की समस्त अनुदानों की मांगे विधान मण्डल द्वारा पारित हो चुकी है तथा वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-1/2019/बी-1-170/दस-2019-231/2019, दिनांक 22 मार्च, 2019 द्वारा सचिवालय के समस्त अनुभागों, समस्त विभागाध्यक्ष/ कार्यालयाध्यक्षों को वित्तीय वर्ष 2019-2020 के बजट के लिये वित्तीय स्वीकृतियॉ जारी किये जाने हेतु दिशा-निर्देश दे दिये गये हैं, परन्तु यह सम्भव है कि कतिपय विभागाध्यक्षों/नियंत्रक अधिकारियों द्वारा आहरण एवं वितरण अधिकारियों तथा कोषागारों को माह अप्रैल, 2019 के प्रथम/द्वितीय सप्ताह तक वेतनादि की धनराशि आवंटित न की जा सके।

अत: इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया प्रदेश के समस्त कोषागारों को निर्देशित करने का कष्ट करें कि वे बजट आवंटन की प्रत्याशा में केवल माह मार्च, 2019 के वेतन का भुगतान राज्य कर्मचारियों, बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूलों/ सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थाओं/ विश्व विद्यालयों/चिकित्सा आयुर्विज्ञान संस्थानों एवं चिकित्सा विश्वविद्यालय के नियमित शिक्षण एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को माह अप्रैल, 2019 में सुनिश्चित करें।

भवदीय

आलोक दीक्षित
विशेष सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in